**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. *869 जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक)** को दिया जाना है

## छोटे पत्तनों में तलकर्षण के लिए निधि

**† 869. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सागरमाला योजना के तहत देश के विभिन्न छोटे पत्तनों में तलकर्षण के लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विशेष कर महाराष्ट्र में उपलब्ध कराई गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेष कर महाराष्ट्र में तलकर्षण और विस्तार कार्य के लिए चुने गए छोटे पत्तनों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र में छोटे पत्तनों के विस्तार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** जी हाँ। सागरमाला योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य की परियोजनाओं सहित स्वीकृत ड्रेजिंग परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-।** में दिया गया है।

**(ग) और (घ):** सागरमाला देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र योजना है। सागरमाला योजना के तहत राज्य सरकारों को पत्तन अवसंरचना, तटीय बर्थों तथा ड्रेजिंग, सड़क और रेल परियोजनाओं, फिशिंग हार्बरों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, क्रूज टर्मिनलों और रो- पैक्स फेरी जैसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

महापत्तनों के अलावा अन्य पत्तन (गैर-महापत्तन/ लघु पत्तन) संबंधित राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन हैं। सागरमाला योजना के तहत राज्य सरकारों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्राप्त अनुरोध के आधार पर सागरमाला वित्तपोषण दिशा-निर्देशों और परियोजनाओं के मूल्यांकन एवं अनुमोदन पर वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार परियोजनाएं शुरू की जाती हैं। सागरमाला योजना के तहत महाराष्ट्र राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध -II** में दिया गया है।

अनुबंध -I

सागरमाला योजना के अंतर्गत ड्रेजिंग के लिए संस्वीकृत की गई निधि का विवरण

| क्रमांक | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | राज्य | परियोजना लागत (करोड़ रु) | संस्वीकृत निधि (करोड़ रु) | जारी की गई निधि (करोड़ रु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश चैनल के उत्तर और दक्षिण दोनों ओर ब्रेकवाटर का निर्माण -बर्थ-1 - बर्थ-2 और कुड्डालोर पत्तन पर कैपिटल ड्रेजिंग -प्रवेश चैनल से कार्गो बर्थ तक | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | तमिलनाडु | 135.00 | 67.50 | 67.50 |
| 2 | वीओसीपीटी पर तटीय कार्गो बर्थ के लिए डॉक बेसिन की ड्रेजिंग -समर्पित तटीय बर्थ के सामने ड्रेजिंग | वीओ चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | तमिलनाडु | 98.00 | 20.88 | 20.88 |
| 3 | पुडुचेरी पत्तन के लिए कैपिटल ड्रेजिंग -चरण 1 | पत्तन विभाग , पुडुचेरी | पुदुचेरी | 27.65 | 27.44 | 27.44 |
| 4 | मांडवा में रो-रो पैक्स सेवाओं के लिए नौचालन चैनल में कैपिटल ड्रेजिंग | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | महाराष्ट्र | 16.54 | 8.27 | 8.27 |
| 5 | खंभात की खाड़ी में गोघा और दाहेज के बीच आरओ -पैक्स फेरी सेवाओं की ड्रेजिंग | गुजरात समुद्री बोर्ड | गुजरात | 220.41 | 110.20 | 99.18 |
| 6 | (-) 7 मीटर की गहराई प्राप्त करने के लिए घोघा चैनल, टर्निंग गर्किल और एप्रोच चैनल में ड्रेजिंग का उन्नयन | दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण | गुजरात | 62.49 | 45.81 | 45.81 |

अनुबंध- II

सागरमाला योजना के तहत महाराष्ट्र में परियोजनाओं की सूची

| क्रमांक | परियोजना का नाम | क्रियान्वयन एजेंसी | लागत (करोड़ रुपए ) |
|---|---|---|---|
| 1 | बीपीएक्स -इंदिरा डॉक -मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन और आधुनिकीकरण | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 303.30 |
| 2 | मांडवा में ब्रेक वाटर का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 72.00 |
| 3 | मांडवा में रो -रो सेवा - मांडवा पत्तन विकास का 2 चरण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 63.00 |
| 4 | वसई में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.73 |
| 5 | भयंदर में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 14.00 |
| 6 | नारंगी -विरार में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.75 |
| 7 | मनोरी में रो-रो जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.59 |
| 8 | घोड़बंदर में जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.50 |
| 9 | मालवण -सिंधुदुर्ग में जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 10.23 |
| 10 | मांडवा में रो-रो पैक्स सेवाओं के लिए नौचालन चैनल में कैपिटल ड्रेजिंग | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 16.54 |
| 11 | रत्नागिरी जिले में मिरकवाड़ा फिशिंग हार्बर का चरण IIविस्तार | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 75.00 |
| 12 | सैसून डॉक फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र मत्स्यन विकास निगम | 92.52 |
| 13 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम -चरण I-महाराष्ट्र | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | 5.50 |
| 14 | समुद्री एवं पोत निर्माण उत्कृष्टता केंद्र -सीईएमएस - महाराष्ट्र - महाराष्ट्र में 24 में से 6 प्रयोगशालाएं | आईआरएस | 191.00 |
| 15 | कान्होजी आंग्रे द्वीप में यात्री नाव लैंडिंग जेट्टी का निर्माण | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 7.68 |
| 16 | सड़क को पश्चिमी सीमा से टीटीपीएस तक चौड़ा करने के साथ कोरामपल्लम सरप्लस कोर्स ब्रिज और रेल ओवर ब्रिज -आरओबी को चौड़ा करते हुए निर्माण करना | जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण | 143.00 |
| 17 | रायगढ़ जिले के करंजा में फिशिंग हार्बर का विकास | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 149.80 |
| 18 | आनंदवाड़ी -सिंधुदुर्ग जिले में फिशिंग हार्बर का विकास | महाराष्ट्र मत्स्यन विकास निगम | 88.44 |
| 19 | नवी मुंबई के बेलापुर में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.50 |
| 20 | रायगढ़ जिले के काशीड़ में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 99.80 |
| 21 | रत्नागिरी जिले के वेलदुर में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.62 |
| 22 | अर्नाला किला -ताल वसई -जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण। | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 9.94 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | रत्नागिरी जिले में अंबावने शिगवान में यात्री जेट्टी का निर्माण। | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.91 |
| 24 | खरवदेश्वरी जेट्टी तक पहुंच मार्ग का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 15.00 |
| 25 | रेवास में रो-रो सेवा का विकास | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 25.07 |
| 26 | पिरपाऊ में तीसरे रासायनिक बर्थ का निर्माण , एमबीपीटी | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 161.00 |
| 27 | जंजीरा किला ,रायगढ़ जिले में यात्री जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 111.41 |
| 28 | मोरा में रो -रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 88.72 |
| 29 | महाराष्ट्र में मैलेट बंदर मझगांव फिशिंग हार्बर का विकास | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 96.60 |
| 30 | मुंबई पत्तन पर समुद्री तेल टर्मिनल पर एससीएडीए और पीएलसी स्वचालन प्रणाली | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | 22.57 |
| 31 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम -चरण 2 - महाराष्ट्र | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | 15.11 |

*****